EH CC ETERNAL HEART CARE CENTRE & RESEARCH INSTITUTE
ETERNAL HOSPITAL

Mount Sinai Heart
MC - 2561

Manju Sharma
Co-Chairperson & MD

दिनाँक: 1 जून 2021

परम सम्मानीय
गुलाब कोठारी जी,
प्रधान सम्पादक, राजस्थान पत्रिका

आदरणीय कोठारी जी,

पत्रकारिता के कीर्तिमान स्थापित करने वाले अग्रगण्य समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका में आपके द्वारा लिखित लगभग सभी अग्रलेख मैं यथा समय पढ़ती रहती हूं। यह बड़े ही प्रेरणास्पद होते हैं।

जहां तक कोरोना महामारी काल में इटर्नल हॉस्पिटल जयपुर के समस्त कार्मिकों द्वारा पीड़ित मानवता की जा रही सेवा का प्रश्न है, वह निसंदेह सराहनीय है।

आपके उत्साह जनक शब्दों से मिले धन्यवाद रूपी आशीर्वाद से हम सभी का मनोबल और बढ़ा है। "संवाद उपनिषद" व "अक्षर यात्रा" रूपी भेंट हमारे लिए अमूल्य निधि है जो कि निस्संदेह हमें अपने चिकित्सीय कार्य के साथ-साथ मानव सेवा से मजबूती से जुड़े रहने के लिए प्रेरणा देती रहेगी।

सादर आभार

मंजू शर्मा,
एम डी एवं को-चेयरपर्सन
इटर्नल हॉस्पिटल
, जयपुर।

3A, Jagatpura Road, Near Jawahar Circle, Jaipur - 302017, Rajasthan (India)
Phone : +91-141-5174000, 2774000, Website : www.eternalhospital.com
CIN No. U85110RJ2007PTC023653

patrika
राजस्थान पत्रिका | पत्रिका

address:
"Patrikayan" 5E,6A,
Jhalana Institutional Area,
Jaipur - 302017
Ph.: 0141 - 7156666

regd. office:
rajasthan patrika pvt. ltd.
kesargarh, j.l.n marg, jaipur - 53
email:
info@rajasthanpatrika.com

जयपुर 29 अप्रैल, 2021

प्रतिष्ठा में,
श्रीमती मंजू शर्मा,
इटरनल हार्ट केयर सेंटर
मालवीय नगर,
जयपुर।

प्रिय शर्मा जी,
सादर अभिवादन

यह बहुत ही हर्ष एवं प्रसन्नता का विषय है कि, आपके कुशल मार्गदर्शन में, हॉस्पिटल में मानवता की सेवा का पुनीत कार्य हो रहा है। गंभीर रोगों से पीड़ित मनुष्य किस तरह दर्द रहित जीवन जी सके, उस दर्द को कैसे कम किया जा सके, यह कार्य इस अस्पताल में बखूबी हो रहा है। इस महत्वपूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति में, अपने छोटे से योगदान की दृष्टि से, मां सरस्वती द्वारा समय-समय पर मेरी कलम से लिखाई कुछ पुस्तकें यथा- संवाद उपनिषद व अक्षर यात्रा आपको भेंट कर रहा हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि, आपकी भावनाओं से मेल खाते ये सभी ग्रन्थ मानव जीवन के कष्टों से जूझ रहे रोगियों की वेदना को कुछ कम करने में मददगार होंगे।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित
सादर

(गुलाब कोठारी)
प्रधान सम्पादक